प्रेषक,

महानिदेशक,
दीनदयाल उपाध्याय,
राज्य ग्राम्य विकास संस्थान,
बख्शी का तालाब, लखनऊ।

सेवा में,

श्री डी0के0 डुडेजा,
मुख्य अभियंता, पैक्ट
वाल्मी भवन, उतरेटिया,
लखनऊ।

पत्रांक : 275 दिनांक : 03 फरवरी, 2014

महोदय,

इस संस्थान के पत्र संख्या–3413/पिम/16(70)2012–13 दिनांक 20 दिसम्बर, 2013 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो उ0प्र0 वाटर सेक्टर रिस्ट्रक्चरिंग परियोजना के द्वितीय चरण में जनपद स्तरीय लांचिंग कार्यशाला आयोजित करने विषयक था। स्थानीय परिस्थितियों तथा बजट उपलब्धता के दृष्टिगत पूर्व में 08 जनपदों के लिए कार्यशाला की समय सारणी प्रेषित की गयी थी उनमें से कानपुर देहात की कार्यशाला का आयोजन जनवरी माह में नहीं हो सका। जनवरी माह में बाराबंकी, कानपुर नगर, फतेहपुर, कौशाम्बी, मैनपुरी, एटा और कासगंज जनपदों की कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी है।

माह फरवरी, 2014 में निम्नानुसार लांचिंग कार्यशालाओं का आयोजन प्रस्तावित है :–

क्र. सं.	जनपद का नाम	जिम्मेदार प्रशिक्षण संस्थान	सम्पर्क हेतु मो0 नं0	कार्यशाला की तिथि	कार्यशाला का स्थल
1.	ललितपुर	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, ललितपुर	8765957387	08 फरवरी, 2014	जिला पंचायतराज अधिकारी का मीटिंग हाल, ललितपुर
2.	कानपुर देहात	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, कानपुर	8765957384	10 फरवरी, 2014	विकास भवन माती, कानपुर देहात
3.	कन्नौज	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, कन्नौज	8765957383	17 फरवरी, 2014	कलेक्ट्रेट फील्ड, कन्नौज
4.	अमेठी	जिला ग्राम्य विकास संस्थान, बाराबंकी	8765957371	18 फरवरी, 2014	विकास खण्ड गौरीगंज के सभागार में
5.	रायबरेली	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, रायबरेली	8765957480	19 फरवरी, 2014	क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, रायबरेली

अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार लांचिंग कार्यशालओं को आयोजित करने हेतु पूर्व की भॉति पैक्ट के प्रशिक्षण समन्वयक श्री नन्द किशोर श्रीवास्तव व सहायक अभियंता श्री घनश्याम वर्मा को संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लेने तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्यशाला में सहयोग करने व सींचपालों को कार्यशाला में अपने क्षेत्र से 02 प्रगतिशील कृषकों को साथ लाने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें कृषकों को कार्यशाला में भाग लेने के लिए रू0 150/-- (रूपये एक सौ पचास मात्र) यात्राव्यय के रूप में सम्बन्धित संस्थान द्वारा वहन किया जायेगा।

भवदीय

(डॉ0 वरदानी)
संयुक्त निदेशक
कृते महानिदेशक

प्रतिलिपि आचार्य, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, रायबरेली, व जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रावतपुर कानपुर, बाराबंकी, छिबरामऊ कन्नौज, रोड़ा ललितपुर को इस आशय के साथ कि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों से सम्पर्क कर प्रतिभागियों को नामित करने व कार्यशाला की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें साथ ही जिलाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों से सम्पर्क उन्हें यह भी अवगत करायें कि मुख्य अतिथि के रूपमें श्री राकेश मैत्रेय, पूर्व आई0एफ0एस0 व प्रमुख सलाहाकार भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता मिशन भाग ले रहे हैं। विस्तृत निर्देश संस्थान की वेबसाइट से भी अपलोड कर लें।

(डॉ0 वरदानी)
संयुक्त निदेशक
कृते महानिदेशक